**कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय)**

**चतुर्थ तल,ऑडिट भवन, नवरंगपुरा, अहमदाबाद- 380009**

सं.हि.अ./म.नि.ले.प.(के)/रा.का.स.ति.बै./2020-21/फा-33/ दिनांक: .04.2025

**सेवा में,**

उप निदेशक (कार्यान्वयन),

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम),

राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय,भारत सरकार,

केंद्रीय सदन, छठा तल,सी विंग,सेक्टर-10,

सी.बी.डी.बेलापुर,नवी मुंबई-400614

**विषय - दिनांक 31.03.2025 को समाप्त हुई तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यसूची और कार्यवृत्त के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय), अहमदाबाद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक **17.04.2025** को महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई| निर्देशानुसार, उक्त बैठक की कार्यसूची एवं कार्यवृत्त इस पत्र के साथ प्रेषित किया जा रहा है |

यह पत्र महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

संलग्नक: यथोपरि ।

भवदीय,

निदेशक/प्रशासन

**महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद**

**संख्या हि.अ./म.नि.ले.प.(कें)/रा.भा.का.स.ति.बै./फा-33 दिनांक: .04.2025**



File No. PDAC/ITMG/OFFICEWEBSITE (Computer No. 76944)
Generated from eOffice by VISHAL JAIN, AAO(ITMG)/VJ, ASSISTANT AUDIT OFFICER, PDA (Central)-Ahmedabad on 07/05/2025 11:43 am

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: दिनांक 17.04.2025 को हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 17.04.2025 को 3.30 बजे कॉन्फ्रेंस हाल (फ़र्स्ट फ्लोर) में श्री सौरभ कुमार जयपुरियार, महानिदेशक लेखापरीक्षा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यसूची के अनुसार चर्चा की गई और मुख्यालय और शाखा कार्यालय, जयपुर में राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त करने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए।

2. बैठक का कार्यवृत ई-मेल द्वारा मुख्यालय के सभी अनुभागों एवं शाखा कार्यालय, जयपुर को सूचना, रेकॉर्ड और आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेषित किया जा रहा है।

3. यह कार्यवृत महानिदेशक लेखापरीक्षा के अनुमोदन पर जारी किया गया।

(रिधम धीरजलाल भाडजा)
निदेशक (प्रशा.)

संलग्न: यथोपरि।

प्रति:-

1. **महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद के सचिव**
2. **निजी सहायक, निदेशक, महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, शाखा- जयपुर**
3. **निजी सहायक, उप निदेशक (प्रशा.)**
4. **निजी सहायक, उप निदेशक (आई.टी.आर.ए. सह सी.ए.ई.)**
5. **मुख्यालय में स्थित सभी अनुभाग**
6. **आई.टी.एम.जी. अनुभाग को कार्यालय के वैबसाइट पर अपलोड करने के लिए।**

सहायक निदेशक (राजभाषा)

**महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद**



File No. PDAC/ITMG/OFFICEWEBSITE (Computer No. 76944)
Generated from eOffice by VISHAL JAIN, AAO(ITMG)/VJ, ASSISTANT AUDIT OFFICER, PDA (Central)-Ahmedabad on 07/05/2025 11:43 am

कार्यालय में 31 मार्च 20245 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 17.04.2025 को 3.30 बजे कॉन्फ्रेंस हाल (फ़र्स्ट फ्लोर) में श्री सौरभ कुमार जयपुरियार, महानिदेशक लेखा परीक्षा की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ करने से पूर्व सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय का अभिनंदन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और अध्यक्ष महोदय से अनुमति लेते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की।

तत्पश्चात बैठक में कार्यसूची के अनुसार निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श करके आवश्यक निर्णय लिए गए:-

**मद संख्या 1. दिनांक 03.03.2025 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई कार्रवाई की समीक्षा:**

उपरोक्त बैठक के कार्यवृत की पुष्टि की गई। उपरोक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है:-

1. अध्यक्ष महोदय के निदेश के अनुसार शाखा कार्यालय- जयपुर दस्तावेजों के अनुवाद के लिए हिंदी अनुभाग की सहायता ले सकता है।

   **कार्रवाई:-** हिंदी अनुभाग द्वारा दिनांक 03.03.2025 के बैठक का कार्यवृत्त परिपत्र के साथ शाखा कार्यालय-जयपुर को जारी किया गया।

2. अध्यक्ष महोदय ने गृह हिंदी पत्रिका के दूसरे अंक के लिए रचनाएँ आमंत्रित करने का निदेश दिया।

   **कार्रवाई-** इस संबंध में परिपत्र जारी किया जाना बाकी है और इस संबंध में बैठक के दौरान मुख्यालय कार्यालय से प्राप्त दिनांक 08.04.2025 का पत्र सं.55/रा.भा.अ./38-2010-I-223 पर चर्चा की गई।

**मद संख्या 2. राजभाषा कार्यान्वयन और प्रगति के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गए निदेश**



File No. PDAC/ITMG/OFFICEWEBSITE (Computer No. 76944)
Generated from eOffice by VISHAL JAIN, AAO(ITMG)/VJ, ASSISTANT AUDIT OFFICER, PDA (Central)-Ahmedabad on 07/05/2025 11:43 am

1. अध्यक्ष महोदय ने पिछले बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार शाखा कार्यालय- जयपुर दस्तावेजों के अनुवाद के लिए हिंदी अनुभाग की सहायता लेने का निदेश दिया।

   **अनुपालन: हिंदी अनुभाग और शाखा कार्यालय- जयपुर**

2. अध्यक्ष महोदय ने गृह हिंदी पत्रिका के दूसरे अंक के लिए रचनाएँ आमंत्रित करने का निदेश दिया और वर्ष में गृह हिंदी पत्रिका के दो अंक प्रकाशित करने का निदेश दिया।

   **अनुपालन: हिंदी अनुभाग**

3. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का निदेश दिया।

   **अनुपालन: मुख्यालय के सभी अनुभाग और शाखा कार्यालय- जयपुर।**

सहायक निदेशक (राजभाषा)



File No. PDAC/ITMG/OFFICEWEBSITE (Computer No. 76944)
Generated from eOffice by VISHAL JAIN, AAO(ITMG)/VJ, ASSISTANT AUDIT OFFICER, PDA (Central)-Ahmedabad on 07/05/2025 11:43 am